
*** शवयात्रा ***

स्व. रामप्रसाद जी गुप्ता (मंत्री )के सुपुत्र एवम दिव्य के पूज्य पिताजी सुनील गुप्ता (शिरोमणि )का आकस्मिक निधन हो गया जिनकी अंतिम यात्रा दिनांक 23-02-2024 शुक्रवार को प्रात 9:00 बजे निज निवास स्कूल के पास सरकारी अस्पताल के पास से मुक्ति धाम जाएगी

**** शोकाकुल ****
कारूलाल कैलाश विष्णु चौथमल माणकलाल अनिल राजेश एवं समस्त मंडवारिया परिवार
चचोर वाला पिपलिया मंडी



डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 133 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शुक्रवार 23 फरवरी 2024 | मूल्य 2 रुपया














## लापरवाही

पुरानी धरोहर कही जाने वाली बावड़िया रखरखाव के अभाव में अपना अस्तित्व खोती जा रही है। पुराने समय में लोगो ने पेयजल की उपलब्धता के लिए पुण्य कार्य करते हुए इन बावड़ियो को बनवाया था।

## मौसम में फिर बदलाव, तापमान में गिरावट



**मंदसौर, 22 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** पश्चिमी विक्षोभ और जेट स्ट्रीम हवाओं के असर से तापमान में गिरावट आई है। बुधवार दिनभर मौसम साफ रहा, शाम को अचानक बादल छाए, ठंडी हवाए चलने लगी इससे तापमान में 2-3 डिग्री तक कि गिरावट आई। गुरुवार को भी सुबह से शाम तक बादल छाए रहे। शाम होते ही ठंडी हवाओ से लोगो को अपने गर्म कपड़े फिर निकालना पड़े। गुरुवार को अधिकतम तापमान 27 डिग्री और न्यूनतम तापमान 12 डिग्री के आसपास रहा। शुक्रवार को मौसम साफ रहने का अनुमान बताया गया है।

मौसम जानकारों के अनुसार वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) और साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम का असर गुरुवार को भी मध्यप्रदेश में रहा। इससे ग्वालियर, चंबल और रीवा संभाग में बादल छाए रहें, कहीं -कहीं हल्की बारिश भी हुई। मौसम विज्ञान केंद्र भोपाल के वैज्ञानिकों के अनुसार, वेस्टर्न डिस्टरबेंस और साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम की वजह से दक्षिणी-पश्चिमी हवाएं अरब सागर से उत्तरी मध्य प्रदेश की तरफ नमी ला रही है। साथ ही भारत में जेट स्ट्रीम हवाओं की अधिकतम गति 330 किमी प्रतिघंटा तक है। इस कारण प्रदेश के तापमान में भी गिरावट हो रही है। गुरुवार शाम शहर सहित अंचल के कई ग्रामो में कुछ देर कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश देखी गई। इससे खेतो पर तैयार फसलो सहित अफीम की फसल में नुकसान की आशंका बताई जा रही है।

# मास्टर प्लान की राह में रोड़ा बने बदले हुए राजनीतिक समीकरण

**2011 का बना नहीं, 2021 का 24 में भी इंतजार**

**मंदसौर, 22 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर शहर का 2031 की अवधि वाला नया मास्टर प्लान 250 से ज्यादा दावे-आपत्तियों पर सुनवाई व कमेटी की अनुशंसा के बाद भी लंबे समय से भोपाल में अटका है। खास बात ये है कि 2001 में आखिरी बार बने (2011 तक प्रस्तावित था) मास्टर प्लान पर भी ढंग से अमल नहीं हुआ। शहर डेवलपमेंट के नए प्लान के इंतजार में 12 साल गुजर चुके हैं। अब इसकी राह में जिले के बदले हुए राजनीतिक समीकरणों ने फिर से रोड़ा डाल दिया है।

सूत्रों के मुताबिक फिर से रिवाइज होकर प्लान पहुंचाए जाने की तैयारी की जा रही है। इसका कारण है कि मंदसौर में विधायक बदल गए है। इधर उपमुख्यमंत्री का पॉवर मल्हारगढ़ विधायक जगदीश देवड़ा के पास शिफ्ट हो गया है। हरदीपसिंह डंग अब मंत्री नहीं रहे। आखिरी में सबसे बड़ा कारण बंशीलाल गुर्जर का राज्यसभा सांसद बनना है। कुल मिलाकर विधानसभा चुनाव के बाद कुछ ही समय में शहर सहित जिले की राजनीति में बड़ा बदलाव आया है। जिसके चलते कहीं न कहीं मास्टर प्लान आगे बढ़ने में फिर से थकान महसूस कर रहा है।

### नीमच का मंजूर, मंदसौर को इंतजार...

वैसे हर 10 साल में बढ़ती आबादी, नए उद्योग, शहर विस्तार और मूलभूत जरूरतों को ध्यान में रखकर प्लान बनता है। नए प्लान में तमाम औद्योगिक क्षेत्र को शहरी सीमा से 6 किलोमीटर दूर जगाखेड़ी में शिफ्ट करने की योजना है। साथ शहर में जहां-जहां 12 मीटर से ज्यादा चौड़ी सड़के हैं वहां कमर्शियल बदलाव होना है। पड़ोसी जिले नीमच में प्लान मंजूर हो गया। लेकिन मंदसौर पर विचार नहीं हुआ। वहीं 2011 से 2021 का प्लान बन ही नहीं पाया। अब 2031 तक की प्लानिंग भी धरातल पर नहीं आ पा रही है।

### जरुरतों को ध्यान में रख बनते मास्टर प्लान...

दरअसल अगले एक दशक की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए शहर के मास्टर प्लान तैयार होते हैं। इसमें शहरी सीमा से लगे नए गांव जोड़ने के प्रस्ताव से लेकर प्लानिंग एरिया वर्ग मीटर तक बढ़ाना, मौजूदा लैंड यूज का नक्शा देखने के साथ ही बढ़े प्लानिंग एरिया के मौजूदा लैंड यूज का नक्शा भी जारी होता है। ग्रीन बेल्ट क्षेत्र, गांवों के डेवलपमेंट रूल्स तक तैयार करना होता है। इस तरह प्लान बनता है तो एरिया बढ़ जाता है। शासन स्तर पर मास्टर प्लान पेंडिंग होने से कारोबारी क्षेत्र तक भी इसका असर देखने को मिल रही है। प्रॉपर्टी ब्रोकरों के अनुसार प्लान फाइनल करने में देरी उचित नहीं है। तहसील, ग्रामीण क्षेत्र के कई लोग जिले में आकर बसना चाहते हैं, मकान-प्लॉट लेना हैं, वे वंचित हो रहे है। मामले में शासन-प्रशासन सुस्त है। शिक्षा, व्यापार से लेकर शहर के विकास पर इसका असर आता है। मंदसौर का मास्टर प्लान ना आने से डेवलपमेंट भी निश्चित प्रभावित होता है। खासकर जो नए क्षेत्र हैं वे बाधित रहते हैं।

### नए प्लान से इन सेक्टर में बढ़ती हैं उम्मीदें, होता है आर्थिक विकास...

शहरी दायरे, भौगोलिक क्षेत्र का विस्तार। उद्योगों की नई बसाहट से रोजगार के अवसर। आबादी इलाके व्यावसायिक में तब्दील होने से आर्थिक



मजबूती। शिक्षा, पेयजल, बिजली, सड़कें, सीवरेज, नए पार्क, स्ट्रीट लाइट, स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ावा। विस्तार के मद्देनजर निर्माण की नई अनुमतियां जारी होना, घर-प्लॉट के सपने पूरे होते। खासकर शहर के व्यापक लेआउट में स्पष्टतौर पर भूमि के अनेक उपयोग जैसे आवासीय, वाणिज्यिक और औद्योगिक क्षेत्र तय होते। इस दौरान हरियाली, प्रदूषण स्तर का भी ध्यान रखा जाता। प्लान लागू ना होने के चलते इन तमाम क्षेत्रों का विकास तुलनात्मक प्रभावित रहता है जो सीधा आमजन तक असर डालता है।

# कार से पकड़ी 25 पेटी शराब, चालक गिरफ्तार



**मंदसौर, 22 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** शहर कोतवाली पुलिस ने गुरुवार को एक स्वीफ्ट कार को रोककर तलाशी ली तो उसमें 25 पेटी देशी प्लेन एवं मसाला शराब मिली।

पुलिस ने बताया कि मुखबीर सूचना पर स्वीफ्ट कार क्रमांक जीजे 09 बीसी 4952 को रोका गया। तलाशी के दौरान कार की डिक्की व पीछे की सीट के नीचे छिपा कर रखी गई 25 पेटी देशी शराब मिली। इसमें 20 पेटी मसाला और 5 पेटी प्लेन शराब शामिल है। मामले में पुलिस ने कार चालक रविराजसिंह पिता गोपालसिंह निवासी मचलानी राजस्थान को गिरफ्तार किया है। जबकि पिपलियामंडी थाना क्षेत्र की जिस शराब दुकान से यह अवैध शराब ली गई थी, पुलिस उसे तलाश रही है। मामले में पुलिस ने आबकारी अधिनियम की धारा 34/2 के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु की है।

# इन कंपनियों की शुगर, गैस, एलर्जी से लेकर दर्द की दवाओं के सैम्पल हुए फेल

**दिल्ली, 22 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** हिमाचल प्रदेश में बनी दवाएं एक बार फिर अपने मापदंडों पर खरी नहीं उतरी हैं। जनवरी में बनी प्रदेश के उद्योगों में 14 व देश की 46 दवाओं के सैंपल फेल हो गए हैं। हिमाचल प्रदेश की जिन 14 दवाओं के सैंपल फेल हुए है, उनमें सिरमौर की तीन, कांगड़ा की एक व सोलन जिले की 10 दवाएं शामिल है।




केंद्रीय औषधी मानक नियंत्रण संगठन ने जनवरी के ड्रग अलर्ट में ये दवाएं मानकों पर सही नहीं पाई गई हैं। इन दवाओं में त्वचा में होने वाले संक्रमण, जीवाणु संक्रमण, भूख बढ़ाने वाली दवा, एलर्जी, गर्भाशय से अनियमित रक्त स्राव, एनीमिया, एसिडिटी, एलर्जी, शुगर व दर्द की दवाएं शामिल है। जनवरी में देश में कुल 932 दवाओं के सैंपल लिए गए थे। जिनमें 886 पास हुए व 46 फैल हुए। इस संबंध में ड्रग कंट्रोलर का कहना है कि जिन दवा उद्योगों के सैंपल फेल हुए हैं। उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा व बाजार से स्टॉक वापस मंगवाकर विभाग स्वयं भी इन सैंपल की जांच करेगा।

### इन दवाओं के हुए है सेम्पल फैल...

✻ पांवटा साहिब के सनवेट हेल्थकेयर कंपनी की त्वचा में होने वाले संक्रमण की दवा क्लिंडामाइसिन जीवाणु संक्रमण की दवा एमिकेसिन सेलवेमट ✻ बद्दी के लोधी माजरा की एक्निओ फार्मास्युटिक कंपनी की भूख बढ़ाने की दवा साइप्रोहेप्टाडीन ट्राईकोलिन साईट्रेट ✻ पांवटा की जी लैबोरेटरी कंपनी की एलर्जी की दवा मोक्सीफ्लोक्सासिन ✻ बद्दी की डीएम फार्मा कंपनी की गर्भाशय से अनियमित रक्तस्राव की ट्रेनेक्सामिक एसिड व मेफेनामिक एसिड ✻ मलकू माजरा के एंज फार्मा कंपनी की एनीमिया की दवा फोलिक एसिड ✻ हलेरो लैब कंपनी की एसिडिटी की पेंटाप्रोजोल ✻ हिल्लर लैब की एलर्जी की दवा लेवासिट्राजिन ✻ मेग्राटेक कंपनी की शुगर की दवा ग्लिमेपिराइड, मेटफॉर्मिन पियोग्लिटाजोन ✻ झाड़माजरी स्थित सश्री राम हेल्थ केयर कंपनी की एसिडिटी की दवा पेंटाप्रोजोल ✻ बरोटीवाला स्थित फोरगो फार्मास्युटिकल कंपनी की एलर्जी की दवा मोंटेलुकास्ट लिवोसिट्राजिन ✻ बद्दी के भटोली कलां स्थित एएसपीओ कंपनी की त्वचा की एलर्जी की दवा मोंटेलुकास्ट ✻ कांगड़ा जिले के राचिल फार्मा कंपनी की एलर्जी की लिवोसिट्राजिन ✻ बद्दी के मलकू माजरा स्थित एंज लाइफ साइंस कंपनी की दर्द की दवा डिक्लोफेनाक।

# लोगों की आवाजाही का इंतजार करता एक्सप्रेस वे

## पचास हजार वाहन प्रतिदिन का था अनुमान, गुजर रहे चार हजार

**एक टोल कंपनी छोड़ चुकी है ठेका, दूसरी ने कम कीमत पर लिया**

**मंदसौर, 22 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** देश के सबसे हाईटेक और कैमरों से लैस दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस-वे के एमपी के हिस्से में वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई है। यह एक्सप्रेस वे मंदसौर और रतलाम जिले से भी गुजर रहा है। इन जिलों में टोल प्लाजा भी शुरु हो चुके हैं। हालांकि अभी एक्सप्रेस वे को वाहनो का इंतजार है। अनुमान था कि इस एक्सप्रेस-वे पर हर रोज 50 से 60 हजार वाहन गुजरेंगे। लेकिन, इस समय रोज 3 से 4 हजार वाहन ही यहां से निकल रहे हैं। हालत ये है कि टोल लेने वाली पहली एजेंसी एक महीने में ही ठेका छोड़कर भाग गई थी। अब पहले के मुकाबले महज एक तिहाई कीमत पर दूसरी एजेंसी को टोल का ठेका दिया गया है।

दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस-वे मध्यप्रदेश में मंदसौर, रतलाम और झाबुआ जिले से गुजर रहा है। एमपी में कुल 245 किमी एक्सप्रेस-वे बना है। इंटरचेंज और पुल-पुलिया को जोड़कर कुल दूरी 320 किमी है। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने इस हिस्से को 20 सितंबर 2023 से वाहनों की आवाजाही के लिए खोला था। एक्सप्रेस-वे निर्माण के समय अनुमान लगाया गया था कि यहां से रोज 50 से 60 हजार वाहन गुजरेंगे। एनएचएआई की ओर से सभी 7 इंटरचेंज का टोल ठेका 18.76 लाख रुपए रोज की दर पर पाथ इंडिया को दिया गया था। ठेके की अवधि अभी तीन महीने रखी गई थी। टोल ठेका लेने वाली पाथ इंडिया महीने भर बाद ही काम छोड़ गई। टोल शुरू हुआ तो पहले महीने दो हजार वाहन भी नहीं गुजरे। एनएचएआई को टेंडर रेट रिवाइज करना पड़ा। टोल की राशि 6 लाख रुपए के लगभग प्रतिदिन रखी गई। इस बार ऋद्धि-सिद्धि नाम की एजेंसी ने टोल का ठेका 6.32 लाख रुपए में लिया है। जनवरी में इसी एजेंसी को अगले तीन महीने के लिए एक बार फिर ठेका सौंपा गया है। इस बार ठेके की राशि 7.37 लाख रुपए तक पहुंची है।

दरअसल, दिल्ली से मुम्बई एक्सप्रेस-वे का काम अलग-अलग चरणों में चल रहा है। दिल्ली से दौसा तक आवागमन शुरू हो चुका है। एमपी के टिमरनी से बड़ौदा तक भी एट लेन पर वाहनों की आवाजाही शुरू हो चुकी है। राजस्थान के कोटा के पास निर्माणाधीन 6 किमी के टनल ने पेंच फंसाया है। टनल सहित यहां 14 किमी का हिस्सा अधूरा है। इसके दिसंबर 2024 तक पूरा होने की उम्मीद है। यही कारण है कि एमपी में वाहनों की एंट्री कम हो रही है।

### अभी मिल रहा नौ लाख का टोल...

एक्सप्रेस-वे के एमपी सेक्शन के डायरेक्टर रवि गुप्ता के मुताबिक अभी रोज औसतन 4 हजार के लगभग वाहन एमपी वाले हिस्से से गुजर रहे हैं। इन वाहनों से रोज नौ लाख रुपए शुल्क मिल रहा है। सभी सातों इंटरचेंज के रिकॉर्ड के अनुसार चार हजार वाहनों में 800 के लगभग कार हैं और शेष ट्रक सहित दूसरे भारी वाहन शामिल हैं। अभी गुजरात के बड़ौदा से वाहन आ रहे हैं।


### गरोठ और जावरा के पास जंक्शन तैयार...

दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस-वे मध्यप्रदेश के तीन जिलों (झाबुआ में 51 किमी, रतलाम में 91 किमी और मंदसौर में 102 किमी) से गुजर रहा है। एक्सप्रेस-वे देश के सात राज्यों दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, मध्यप्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र को सीधे जोड़ेगा। मंदसौर जिले के गरोठ और जावरा के पास एक जंक्शन तैयार किया जा चुका है। आने वाले दिनों में दोनों ही लॉजिस्टिक हब के केंद्र होंगे। एक्सप्रेस-वे की कनेक्टिविटी से इंडस्ट्रियल सेक्टर को मजबूती मिलेगी। इंटरनेशनल एयरपोर्ट और अंतरराष्ट्रीय जवाहरलाल नेहरू पोर्ट की सुविधा मिलेगी। इससे मंदसौर सहित अन्य जगहों के व्यापारियों को अपने माल को विदेशों तक निर्यात करने में मदद मिलेगी।

### जिले में दो इंटरजेंज और कनेक्टिवीटी...

**नीमथुर इंटरचेंज एमपी 01:** राजस्थान की ओर से आने पर एमपी का पहला इंटरचेंज मंदसौर जिले में पड़ता है। यहां से टू लेन की झालावाड़-भानपुरा-नीमच स्टेट हाईवे 31-ए निकला है। नीमच की दूरी यहां से 136 किमी। दिल्ली की दूरी 523 किमी और मुंबई के जेएनपीटी की दूरी 832 किमी है।

**गरोठ इंटरचेंज एमपी 02 :** शामगढ़-भानपुरा स्टेट हाईवे 7-सी से जुड़ा। दूसरा इंटरचेंज मंदसौर जिले के बर्डिया अमरा गांव के पास है। इस इंटरचेंज से शामगढ़-भानपुरा स्टेट हाईवे 7-सी जुड़ा है। यहां से भानपुरा 38 किमी है। शामगढ़ की दूरी 15 किमी के लगभग है। इस इंटरचेंज से उज्जैन की दूरी 160 किमी, जबकि मंदसौर की दूरी 81 किमी है। यहां से दिल्ली की दूरी 554 किमी और मुंबई के विरार की दूरी 710 किमी है।

# सिंहस्थ 2028 की कार्ययोजना में मंदसौर विधानसभा से जुड़े निर्माण कार्यो को भी शामिल करे-विधायक जैन

## मंदसौर विधायक जैन ने मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री को पत्र लिखा



**मंदसौर, 22 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** सिंहस्थ 2028 के आयोजन से पूर्व सिंहस्थ मद से भगवान पशुपतिनाथ की नगरी मंदसौर और विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न निर्माण कार्य एवं विकास योजनाओं को क्षेत्रीय विधायक विपिन जैन द्वारा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और उपमुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा को पत्र लिखकर कार्य योजना में लेकर स्वीकृत किए जाने की मांग की गई है।

मंदसौर विधानसभा के जनप्रिय विधायक श्री विपिन जैन ने मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव एवं उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवडा को प्रेषित पत्र में शिवना नदी के तटो के सौन्दर्यकरण, पशुपतिनाथ लोक परिसर के निर्माण हेतु दूसरे चरण की राशि स्वीकृत करने, शिवना नदी की छोटी पुलिया पर नए पुल का निर्माण करने, शिवना नदी के शुद्धीकरण हेतु जलकुंभी क्लीनिंग मशीन लगाने, शिवना नदी के तट पर रिंग रोड को मुक्तिधाम तक बढ़ाने की मांग की है। श्री जैन ने शिवना नदी से जुडे अन्य कार्यो पुरातत्व संग्रहालय होते हुए पुरातात्विक, पर्यटन व धार्मिक सर्किट (पीपीडी) निर्माण हेतु, शिवना नदी पर मुक्तिधाम पर स्टाप डेम बनाकर यहां से पशुपतिनाथ होते हुए कालाभाटा डेम तक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए वाटर स्पोर्ट गतिविधियां स्थापित करने की कार्ययोजना को सिंहस्थ 2018 प्लानिंग में जोड़ने की मांग की है।

इसके अतिरिक्त श्री जैन ने दलोदा रेल स्थित सर्किट हाउस में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कर सुविधाएं विकसित करने, गुराडिया देदा स्थित शहीद पार्क का विस्तारिकरण करने हेतु, मंदसौर जावरा फोरलेन पर स्थित ग्राम फतेहगढ़, दलोदा, आक्या, कचनारा में डिवाइडरों के मध्य एलइडी लाइट पोल की स्थापना, मंदसौर-एमआईटी चैराहे पर ब्रिज निर्माण कार्य, शहर में यातायात नियंत्रित किए जाने हेतु स्थान का चयन कर मल्टीलेवल पार्किंग निर्माण, फोरलेन से लगी ग्राम पंचायत सोनगरी, फतेहगढ़, दलौदा चैपाटी, आक्या, दलोदा रेल, कचनारा में निर्माण कार्य हेतु 50-50 लाख रुपए की स्वीकृति कार्य योजना में लेकर स्वीकृत की जाने की मांग की गई है। विधायक श्री जैन ने कहा कि पशुपतिनाथ की नगरी मंदसौर एवं आसपास के क्षेत्र से लाखों श्रद्धालुओं का आवागमन 2028 सिंहस्थ में होगा। इसके पूर्व भी सिंहस्थ आयोजन के दौरान बडी संख्या में भक्त भगवान श्री पशुपतिनाथजी एवं अन्य धार्मिक स्थलो के दर्शन करने आये जो क्षेत्र के धार्मिक महत्व को रेखांकित करता है। उन्होंने उल्लेखनीय कार्यों को स्वीकृत करने का आग्रह मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री महोदय से करते हुये कलेक्टर जिला मंदसौर को भी प्रतिलिपि देकर आवश्यक कार्यवाही करने का आग्रह किया है।





# भगवान श्री विश्वकर्मा जंयती धूम धाम से मनाई, निकला चल समारोह

**मंदसौर, 22 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** विश्व के निर्माता भगवान विश्वकर्मा जयंती पूरे शहर में धूम धाम से मनाई गई। नगर में कुमावत समाज के तत्वाधान में प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी भगवान विश्वकर्मा जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। इस अवसर पर नगर में चल समारोह निकाला जो प्रमुख मार्गो से होकर गुजरा। शोभायात्रा में बडी संख्या में समाजजन शामिल हुए।

क्षत्रिय मेवाडा कुमावत समाज के तत्वाधान में गुरूवार को विश्वकर्मा जयंती मनाई गई। इस दौरान नयागांव चारभुजानाथ मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया और पूरे मोहल्ले में फ्लैक्स लगाए गए सुबह से ही भगवान विश्वकर्मा जयंती को लेकर मंदिर पर विभिन्न धार्मिक आयोजन समाजजनों की मौजूदगी में संपन्न हुए। इसमें भगवान का अभिषेक हुआ व महाआरती की गई। प्रातः 10 बजे के बाद चारभुजानाथ मंदिर से समाजजनों की उपस्थिति में देव विमान में विराजित भगवान विश्वकर्मा की शोभायात्रा बैंड, बाजे, ढोल व आतिशबाजी के साथ निकली। जो नयागांव के मुख्य चैराहो, नरसिंहपुरा क्षेत्र, भागवत नगर, हनुमान नगर, रेवास देवडा रोड रामटेकरी, नरसिंहघाट अखाडा रोड होते हुए पुनः मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। शोभा यात्रा में महिलाएं लाल रंग की चूनरी ओढे चल रही थी तो वही युवा नाचते गाते हुए चल रहे थे। नगर के प्रमुख मार्गो में निकली भगवान विश्वकर्मा शोभायात्रा का विभिन्न मंदिरों पर विभिन्न समाजजनों द्वारा भगवान श्री विश्वकर्मा जी की आरती की व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा का स्वागत कई संगठनों ने किया। सीताराम वानर सेना कुमावत ग्रुप ने रामजानकी मंदिर परिसर में संतरों का वितरण कर चल समारोह का स्वागत किया तो वही कुमावत महासभा परिवार ने भागवत नगर चैराहे पर पुष्प वर्षा कर समाजजन का स्वागत किया।

इस अवसर पर विश्वकर्मा महोत्सव के अध्यक्ष कन्हैयालाल टांक कुमावत, राजेश सिरोठा, विष्णु मोरवार, कन्हैयालाल भोभरिया, दिलीप छापोला, गोपाल खनाडिया, सत्यनारायण घोडेला, कन्हैयालाल खुवार, अर्जुन माण्डेला, कोमल पालडिया, रुपलाल बाथरा, वर्दीचंद छापरवाल, रमेश सिरोठा, कंवरलाल माण्डेला, लक्ष्मीनारायण टांक, कन्हैयालाल मांडेला, रमेश गोटवार, पुष्कर पडियार, बलराम अडानिया पटेल, ओम कुमावत, उंकारलाल टांक, विपुल कुमावत, राजकुमार कुमावत, सुनील कुमावत, अर्जुन कुमावत, अशोक कुमावत, गोपाल कुमावत, रमेश कुमावत, हेमन्त कुमावत, राजु कुमावत, बाबुलाल कुमावत, अजय कुमावत आदि बडी संख्या में कुमावत समाज जन उपस्थित थे।

# रहवासी का पुलिस पर आरोप, एक दिन पहले सीसीटीवी हटवाए, दूसरे दिन हो गई चोरी

## टीआई बोले-कैमरे हटाने की नही कहा, रहवासियों की शिकायत पर सेंसर लाइट को बन्द करने की बोला था

**पिपलियामंडी, 22 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मल्हारगढ काशी कॉलोनी में पर्यटन विभाग के ठेकेदार के घर चोरी हो गई। ठेकेदार वर्तमान में अपने घर होशंगाबाद गए है, चोर सोने-चांदी के जेवर व अन्य सामान ले गए है। चोरी के घटना के दौरान घर से बाहर आए एक युवक पर भी चोरों ने रिवाल्वर तान दी। इधर रहवासी क्षेत्र में जहां सीसीटीवी लगा था उसे एक दिन पहले हटाने का आरोप पुलिस पर लगा है, जबकि टीआई का कहना है आरोप गलत है। जानकारी के अनुसार मल्हारगढ काशी कॉलोनी में मदन मालेचा के मकान में पर्यटन विभाग के ठेकेदार पवन कुछ दिनों से अपने घर होशंगाबाद गए थे, बीती रात्रि में चोरों ने ताला तोड़कर उनके घर का सारा सामान बिखेर दिया। जेवर व अन्य सामान चोरी कर लिया, घटना की जानकारी मोबाइल पर ठेकेदार को दे दी है, सामान कितना चोरी हुआ यह ठेकेदार के आने के बाद ही पता चलेगा। घटना रात्रि में 2 बजे करीब बताई जा रही है। बताया गया पडोस में हलचल होने पर कालोनी में निवासरत काशी पिता कुदरत उल्ला बाहर आया तो चोर ने उसके कनपटी पर रिवाल्वर तान दी। रहवासी मनोहर भाटी का कहना है कि मेरे घर पर सीसीटीवी लगे थे, जिसे एक दिन पूर्व ही पुलिस ने यह कहकर बन्द करवा दिया कि रहवासियों को कैमरे से परेशानी है, जिसकी शिकायत आई है। पुलिस ने एक दिन पहले मुझसे केमरे हटवाए और दूसरे दिन चोरी हो गई।

**कैमरे हटाने के लिए नही कहा :-** टीआई राजेन्द्र पंवार का कहना है, पुलिस पर लगाए आरोप गलत है, हमने कैमरे हटवाने के लिए नही कहा। केमरे के साथ सेंसर वाली लाइट लगी हुई थी। रहवासी महिलाओं की शिकायत पर केमरे की सेंसर लाइट को बन्द करने के लिए कहा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## श्री खाटू श्याम का सजेगा दिव्य दरबार

**नीमच, 22 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मोरवी नंदन मित्र मंडल, नीमच द्वारा फागुन महीने के प्रथम दिन 24 फरवरी शनिवार को दशहरा मैदान नीमच में खाटू श्याम का सजेगा दरबार- लगेगा 56 भोग और भव्य भजन संध्या जिसमें विशेष रुप से श्री श्याम बाबा का अलौकिक दरबार, ज्योत दर्शन, इत्र वर्षा पुष्प वर्षा एवं तोरण द्वार रींगस द्वार साथ ही मंडफिया नगरी सांवलिया सेठ का दरबार भी सजेगा देश मे धूम मचाने वाले तीन बाण धारी' भजन के गायक राजस्थान के बाड़मेर के रहने वाले छोटू सिंह रावणा पहली बार नीमच की लालमाटी पर बाबा के दरबार मे अपनी हाजिरी लगाएंगे साथ ही इंदौर की प्रसिद्ध भजन गायिका सुश्री जिया परमार भी अपने भजनों से भक्ति का माहौल बनाएगी सभी धर्म प्रेमी जनता एवं श्याम प्रेमी इस भजन संध्या में बाबा के दरबार में अपनी हाजिरी लगाने जरूर पधारे।

## गेहूं खरीदी में किसानों के लिए बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करें-मुख्यमंत्री

**मंदसौर, 22 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आगामी माहों में प्रदेश में लगभग 100 लाख मेट्रिक टन गेहूं का उपार्जन किया जाना है, जिससे लगभग 11 लाख किसान लाभान्वित होंगे। इसके लिये भारतीय खाद्य निगम, राज्य नागरिक आपूर्ति निगम तथा मार्कफेड से समन्वय कर उपार्जन की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारतीय खाद्य निगम के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर (वैस्ट जोन) श्री दलजीत सिंह तथा महाप्रबंधक श्री विशेष गढ़पाले से समत्व भवन में सौजन्य भेंट के दौरान यह बात कही।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खरीदी केन्द्रों पर गेहूं की गुणवत्ता की पुष्टि के लिए विशेषज्ञ, नमी मापक यंत्र, बारदाना सहित अन्य आवश्यक उपकरण की उपलब्धता और किसानों के लिए सुविधाजनक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। भारतीय खाद्य निगम द्वारा मध्यप्रदेश से अतिशेष गेहूं का परिदान लेकर कमी वाले राज्यों को भेजने की प्रक्रिया को सुगम बनाने पर भी विचार-विमर्श हुआ।

## मालवीय समाज बैठक 24 को

**पिपलियामंडी, 22 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मालवीय बलाई समाज की बैठक 24 फरवरी को दोपहर 1 बजे बाबा साहब भीमराव अंबेडकर पार्क नीमच पर आयोजित की गई है। विवाह सम्मेलन समिति संस्थापक अशोक खिंची ने बताया 18 अप्रेल को भादवामाता में होने वाले समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में 18 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे। सम्मेलन की तैयारियों एवं समितियों के गठन को लेकर बैठक आयोजित की गई है, जिसमें समस्त समाजजन आमंत्रित है।

## भूखण्ड बेचने के नाम पर सरकारी स्कूल की शिक्षिकाओं के साथ लाखों की धोखाधड़ी, दूसरे के भूखण्ड को अपना बताकर किया अनुबंध

**रतलाम, 22 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** डोंगरे नगर निवासी आदिवासी समुदाय की दो सरकारी शिक्षिकाओं के साथ प्लाट बेचने के नाम पर 4 लाख 60 हजार रुपए की धोखाधडी किए जाने का मामला सामने आया है। आरोपी प्लाट विक्रेता और दो दलालों ने शिक्षिकाओं के साथ एक ऐसे प्लाट के विक्रय का अनुबन्ध किया जिसका मालिक कोई अन्य व्यक्ति था। इस एग्रीमेन्ट की आड में शिक्षिकाओं से 4 लाख 60 हजार रु. ले लिए गए।

पुलिस अधीक्षक को की गई अपनी शिकायत में आशाराम बापू नगर निवासी शिकायतकर्ता श्रीमती कमला पति फतेह सिंह खराडी और श्रीमती हीरा पति कालूराम मकवाना ने बताया कि आशाराम बापू नगर का भूखण्ड क्र.74 उक्त दोनो शिक्षिकाओं के घरों के बीच का भूखण्ड है जिसे वे खरीदना चाहती थी। सरदार हरविन्दर सिंह और सुभाष प्लम्बर नामक दो दलालों ने उन्हे बताया कि उक्त भूखण्ड की मालिक कालेज रोड निवासी श्रीमती राधाबाई पति स्व.राजेश प्रजापत है। दोनो दलालों ने 8 जून 2022 को श्रीमती राधाबाई के भूखण्ड का विक्रय अनुबन्ध संयुक्त रुप से श्रीमती कमला खराडी और श्रीमती हीरा मकवाना से करवा दिया। भूखण्ड के विक्रय अनुबन्ध के मुताबिक 1440 वर्गफीट के इस भूखण्ड की कीमत 46 लाख 8 हजार रु.तय की गई थी। विक्रय अनुबन्ध के समय उक्त दोनो शिक्षिकाओं ने 4 लाख 60 हजार रु. का भुगतान दलालों के माध्यम से राधाबाई को कर दिया था।

## आचार्य महाप्रभु का जयंती पर्व आज

**मंदसौर, 22 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** अखिल भारतीय विजयवर्गीय वैश्य महासभा शाखा मंदसौर द्वारा दिनांक 23 फरवरी 2024 शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के संस्थापक आचार्य 1008 श्री रामचरण जी महाप्रभु का जयंती पर्व अंतर्राष्ट्रीय संत स्वामी रामनिवास जी महाराज के सानिध्य में और ज्योतिषाचार्य बहन लाडकुंवर जी के मार्गदर्शन में सायं 6:00 बजे निर्भय भवन, रामद्वारा तेलिया तालाब के पास, रामटेकरी मंदसौर पर वाणी जी का पाठ व आरती कर मनाया जावेगा।

## नप कार्यालय में कल लगेगी लोक अदालत

**पिपलियामंडी, 22 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** नगर परिषद् अध्यक्ष श्रीमती इन्दिरा सुनिल देवरिया ने बताया कि शासन निर्देशानसुार दिनांक 24/02/2024 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सम्पत्तिकर व जलकर के बकायादारों को अधिभार में सम्पूर्ण राशि की छुट प्रदान कि जावेंगी। जिसमें समस्त उपभोक्ताओं जिनके सम्पत्तिकर व जलकर की राशि बकाया है तथा जिन उपभोक्ताओं को नेशनल लोक अदालत के माध्यम से सूचना पत्र प्राप्त हुए है वे समस्त उपभोक्ता दिनांक 24/02/2024 को कार्यालय नगर परिषद् पिपलियामण्डी में उपस्थित होकर जमा करावें।

# निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ दस्तावेजों का सत्यापन करें-एडीएम

## पटवारी परीक्षा से संबंधित दस्तावेज परीक्षण समिति का प्रशिक्षण सम्पन्न

**नीमच, 22 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में गुरूवार को अपर कलेक्टर सुश्री नेहा मीना की उपस्थिति में पटवारी परीक्षा दस्तावेजों के सत्यापन एवं काउंसलिंग संबंधी प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में एडीएम सुश्री नेहा मीना ने काउंसलिंग संबंधी निर्देशों की जानकारी देते हुए कहा, कि जिले में 64 चयनित अभ्यर्थियों के दस्तीवेजों का परीक्षण कार्य किया जाना है। सभी दस्तावेजों के परीक्षण में पूरी पारदर्शिता बरतते हुए बारिकी से सत्यापन कार्य किया जाए। इस कार्य के लिए तीन दल गठित किये गये है। सभी दस्तावेजों का एक-एक कर बारीकी से एससी, एसटी, ईडब्यूग एस, ओबीसी, नि:शक्त प्रमाण पत्र एवं भूतपूर्व सैनिकों के प्रमाण पत्र, बोनस अंक एवं आयु सीमा संबंधी सभी बिन्दुओं का सत्यापन करना सुनिश्चित करेंगें। दस्तावेज सत्यांपन कार्य नियमानुसार निष्पक्षतापूर्ण हो, पात्रता -अपात्रता संबंधी बिन्दु वार परीक्षण समिति द्वारा सत्यापन किया जाए। सभी दस्तावेजों को सत्यापन उपरांत पृथक-पृथक फोल्डर बनाकर रखें। प्रशिक्षण में दस्तावेजों को अपलोड करने, फोल्डर वितरण, मूल दस्तावेजों से सत्यानपन आदि महत्विपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा कर निर्देश दिए गये। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर सुश्री प्रिती संघवी, डिप्टी कलेक्टर श्री संजीव साहू, दस्तावेज सत्यापन गठित दल के सदस्यगण सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## ट्रक से मिला 10 क्विंटल से ज्यादा डोडाचूरा, चालक गिरफ्तार

**मंदसौर, 22 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर सीबीएन टीम ने नीमच जिले में कार्रवाई करते हुए एक ट्रक से 10 क्विंटल से ज्यादा डोडाचूरा जब्त किया है। मामले में चालक को गिरफ्तार किया गया है। सीबीएन सूत्रों के मुताबिक मुखबीर सूचना मिलने के बाद अधिकारियों ने टीम गठित कर मनासा नीमच रोड स्थित ग्राम सावन में दबिश दी। इस दौरान एक ट्रक को रोककर तलाशी ली गई। ट्रक में कवर कार्गो के रूप में लहसुन की बोरियां रखी हुई थी। सख्ती से पूछताछ के बाद चालक ने बताया कि कवर कार्गो के नीचे पोस्ता स्ट्रा लोड किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि ट्रक की तलाशी लेने पर 52 बैग में भरा पोस्ता स्ट्रा बरामद किया गया। अधिकारियों ने बताया कि कुल मिलाकर 218 किलो सीपीएस पोस्ता स्ट्रा सहित 1031 किलो से ज्यादा मादक पदार्थ यहां जप्त किया गया है। इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जिससे पूछताछ की जा रही है।

## नपा कार्यालय में कल लगेगी लोक अदालत

**मंदसौर, 22 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, उपाध्यक्ष नम्रता प्रितेश चावला, राजस्व समिति सभापति श्रीमती कौशल्या बंधवार, सीएमओ श्री सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि मदसौर नगर पालिका क्षेत्र के समस्त सम्मानित उपभोक्ताओ को सादर सूचित किया जाता है कि दिनांक 24फरवरी 2024 शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत नगर पालिका परिषद मंदसौर में आयोजत की जा रही है। जिस भी मंदसौर नगर पालिका क्षेत्र के समस्त सम्मानित उपभोक्ताओ को सादर सूचित किया जाता है कि दिनांक 24फरवरी 2024 शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत नगर पालिका परिषद मंदसौर में आयोजत की जा रही है। जिस भी करदाता को जलकर एव संपत्ति कर जमा करना हो तो कृपया पधारे व पेनल्टी में छूट का लाभ प्राप्त करें।

### दे रहा संदेश



हमें संदेशखाली  
नारी सम्मान  
दुर्गा पूजा  
जहां की रीत  
वहां काम दूजा  
नारी अस्मिता  
पर प्रश्न चिन्ह  
लगा रही है  
करतुते काली  
आज भी बनी  
नारी ही निशाना  
देर रहा संदेश  
हमें संदेशखाली

**नंदकिशोर राठोर मंदसौर**

# विश्व चिंतन दिवस पर सेवाभावी स्काउट शिक्षकों को किया सम्मानित



**मंदसौर, 22 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** 22 फरवरी को स्काउट एवं गाइड के जन्मदाता लार्ड बेडेन पावेल का जन्मदिवस जिला मुख्य आयुक्त अंशुल बैरागी के निर्देशानुसार शिक्षा अधिकारी कार्यालय में मनाया गया। यह कार्यक्रम भारत स्काउट गाइड मध्यप्रदेश जिला संघ द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भारत स्काउट गाइड जिला संघ द्वारा जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सेवानिवृत्त स्काउटर गाइडर को सम्मानित किया गया।

सम्मानित होने वाले सेवानिवृत्त स्काउटर एनडी वैष्णव, जिला रोवर्स कमिश्नर राज्य परिषद सदस्य कमलाकांत उपाध्याय शामगढ़ पूर्व जिला कोषाध्यक्ष, हनीफ फारूकी भानपुरा पूर्व जिला प्रशिक्षण आयुक्त, शिवनारायण दुबे गांधी सागर, गोविंद सांवरा स्काउट प्रभारी सीतामऊ, मधु जैन जिला उपाध्यक्ष सीतामऊ, लक्ष्मी गंगराड़े मंदसौर, मांगीलाल गौड़ डिस्ट्रिक्ट ट्रेनिंग कमिश्नर कुचडौद, सुरेश कुमार भावसार जिला कार्यालय प्रभारी मंदसौर, गिरधारीलाल भावसार जिला काउंसलर स्काउट गरोठ, का शाल, श्रीफल सम्मान पत्र से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला कमिश्नर मैडम टेरेसा मिंज, संयुक्त सचिव श्रीमती ज्योति चौहान प्रदेश उपाध्यक्ष जिला प्रभारी श्रीमती दीपिका बैरागी प्रतिनिधि, प्रदीप मुजावदिया योजना अधिकारी, बीएल बारीवाल जिला क्रीड़ा अधिकारी, पूर्व क्रीड़ा अधिकारी अशोक शर्मा, जिला प्रवक्ता स्काउट एंड गाइड मो उमर शेख, ब्लॉक प्रभारी सुखदेव बोरीवाल उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मो उमर शेख ने किया। आभार सुखदेव बोरीवाल ने माना।

# लोकतंत्र के दीर्घ जीवन के लिए, राजनीतिक सहिष्णुता आवश्यक है

**मंदसौर, 22 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** दुर्भाग्य से हमारे व्यवहारिक जीवन में आज एक दूसरे के प्रति, राजनीतिक सहिष्णुता के दर्शन नहीं होते। प्रत्येक दल



यह अनुभव करता है कि, इस कार्य क्षेत्र में आने वाले अन्य दलों में कुछ ऐसी जो भी बात हो उसे समूल नष्टकर देना चाहिए। उनके प्रति किसी भी प्रकार की सहिष्णुता संभव नहीं है। इसलिए उन्हें अस्तित्व में ही नहीं आने देना चाहिए और यदि अस्तित्व में आने का प्रयास कर रहे हो तो उनकी वृद्धि नहीं होने देना चाहिए। अत: उनको उखाड़ फेंकने के समस्त उचित अथवा अनुचित उपाय पूर्ण रूप से ठीक माने जा रहे हैं।

उक्त स्थिति, किसी भी देश के लोकतंत्र को दीर्घ एवं स्वस्थ जीवन प्रदान नहीं कर सकती। 'राष्ट्र के विकास' के लिए किए जाने वाले समस्त उपाय उचित ही हैं, इस पूर्णता का एहसास यदि कोई दल करता है, तो यह उसकी बहुत बड़ी भूल होती है, क्योंकि जिस प्रकार मनुष्य अपूर्ण है उसी प्रकार कोई भी विचारधारा पूर्ण नहीं हो सकती। इसलिए यदि हम दूसरों की विचारधारा का पर्याप्त आदर नहीं कर सकते , अथवा विचार विनिमय के दरवाजे हमने बंद कर दिए तो समष्टिगत उन्नति संभव नहीं है। यदि कोई दल सत्तारूढ़ है तो, यह आवश्यक नहीं है कि उसके समस्त निर्णय लोकतंत्र को दीर्घ-जीवन प्रदान करेंगे। इसलिए विपक्ष की विचारधारा, यदि शासकों की विचारधारा से आंशिक रूप से भी मेल खाती हो तो, उसे खुले दिल से स्वीकार करना चाहिए तब ही लोकतंत्र दीर्घकाल तक जीवित रह सकता है। जो देश यदि 1000 वर्ष की गुलामी से मुक्त हुआ हो और आजाद हुए उसे अभी 75 वर्ष ही हुए हो तो क्या? वह इतना सक्षम हो सकता है कि, बिना किसी विपक्ष के स्वतंत्र रूप से वह लोकतंत्र की रक्षा कर सकता है? इसलिए नवार्जीत स्वतंत्रता के इस काल में आज हमें यह अनुभव करना चाहिए कि, देश की आंतरिक और बाहरी समस्याओं को हल करने के लिए एक सुदृढ़ संयुक्त मोर्चे की अत्यधिक आवश्यकता है, इसलिए हमेशा सत्तारूढ दल को राजनीतिक स्वतंत्रता एवं सहिष्णुता को कायम रखने का निरंतर प्रयास करना चाहिए, तब ही लोकतंत्र दीर्घजीवी हो सकता है।

**रमेशचन्द्र चन्द्रे, मंदसौर**

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 40 | 2159 | 2357 |
| उडद | 000 | 0000 | 0000 |
| सोयाबीन | 222 | 4090 | 4602 |
| गैहु | 2200 | 2001 | 3350 |
| चना | 248 | 4800 | 5728 |
| मसुर | 265 | 5051 | 5600 |
| धनिया | 895 | 5000 | 6700 |
| लहसुन | 21000 | 5400 | 16600 |
| मैथी | 264 | 5201 | 6300 |
| अलसी | 505 | 4551 | 5045 |
| सरसो | 2320 | 3931 | 4861 |
| तारामीरा | 2 | 4500 | 4500 |
| इसबगोल | 2 | 12460 | 12460 |
| प्याज | 323 | 810 | 1701 |
| कलोंजी | 20 | 16141 | 17799 |
| डॉलर | 4 | 13000 | 13511 |
| तिल्ली | 000 | 0000 | 0000 |
| मटरसुखी | 000 | 0000 | 0000 |
| असालीया | 205 | 5401 | 7183 |


# कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति दलौदा, जिला-मंदसौर (म.प्र.)

क्रमांक / मंडी/नि./23-24/985 दलौदा, दिनांकः-22.02.2024

## -//निविदा आमंत्रण सूचना//-

प्रमुख अभियंता म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त (एकीकृत पंजीयन प्रणाली) पंजीकृत निविदाकारो से प्रतिशत दर आधार पर सिस्टम निविदाएँ क्रमांक 2024_MPSAM_335690_1 के अंतर्गत ऑनलाईन निविदाएँ दिनांक 23.02.2024 समय 10.30 से दिनांक 14.03.2024 को सांय 5:30 बजे तक आंमत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को म.प्र. शासन के ई-निविदा के पोर्टल http//www.mptenders.gov.in/nicgep/app पर प्राप्त होगी, एवं उक्त निविदा से सबंधित समस्त जानकारी मंडी बोर्ड के पोर्टल http//www. mpmandiboard.gov.in पर भी अवलोकनीय होगी।

नोट-आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबधित किसी भी प्रकार के संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर ही प्रदर्शित किया जावेगा।

भारसाधक अधिकारी  
कृषि उपज मण्डी समिति  
दलौदा, जिला-मदसौर (मप्र)

सचिव  
कृषि उपज मण्डी समिति  
दलौदा, जिला-मदसौर (मप्र)

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज नीमच में 752 करोड़ से अधिक के कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे

## मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का नीमच में रोड शो एवं जन आभार यात्रा आज




**नीमच, 22 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव आज 23 फरवरी 2024 को नीमच प्रवास के दौरान दशहरा मैदान नीमच पर आयोजित कार्यक्रम में 752.09 करोड की लागत के विभिन्न 20 विकास एवं निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। इनमें 593.48 करोड के 4 विकास एवं निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं शिलान्यास तथा 158.61 करोड लागत के विभिन्न 16 कार्यों का लोकार्पण भी मुख्यमंत्री जी व्दारा किया जावेगा। इस मौके पर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों को मुख्यमंत्री डॉ.यादव द्वारा लाभ पत्र भी वितरित किये जाएंगे।

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव आज 23 फरवरी को नीमच शहर में आयोजित जन आभार यात्रा एवं विशाल रोड शो में भाग लेंगें। तदपश्चात मुख्यमंत्री डॉ.यादव दशहरा मैदान पर आयोजित विशाल जन आभार कार्यक्रम को सम्बोधित करेंगे तथा कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न कार्यो का लोकार्पण एवं भूमिपूजन भी करेंगे। मुख्यमंत्री व्दारा कार्यक्रम स्थल दशहरा मैदान नीमच पर विभिन्न विभागों व्दारा विकास गतिविधियां, उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित वृहद प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे।

**मुख्यमंत्री व्दारा नीमच में 558 करोड की कपडा एवं परिधान निर्माण की दो ईकाईयों का भूमिपूजन आज–** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव नीमच में आयोजित कार्यक्रम में औद्योगिक क्षेत्र झांझरवाडा में 558 करोड लागत से स्थापित हो रही दो कपडा एवं परिधान निर्माण ईकाईयों का भूमिपूजन कर शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ.यादव नीमच के औद्योगिक क्षेत्र झांझरवाडा में 135 करोड की लागत से स्थापित हो रही डेनिम प्रा.लि.की कपडा एवं परिधान निर्माण औद्योगिक इकाई एवं 450 करोड लागत की मेसर्स स्व राज सूटिंग्स प्रा.लि.की कपडा एवं परिधान निर्माण ईकाई का भूमिपूजन कर शिलान्यास करेंगे। इन दोनों कपडा एवं परिधान निर्माण ईकाईयों में 2500 लोगों को रोजगार उपलब्ध होगा। मुख्यमंत्री 5 करोड 98 लाख लागत के लालपुरा तालाब योजना एवं 2.5 करोड की लागत से कायाकल्प 2.0 के अंतर्गत नगरपालिका नीमच व्दारा स्वीकृत सडक निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी करेंगे।

**इन कार्यो का होगा लोकार्पण:–** मुख्यमंत्री डॉ.यादव नीमच में मैसर्स स्वराज सूटिंग्स प्रा.लि.व्दारा 150 करोड की लागत से झांझरवाडा में स्थापित कपडा एवं परिधान निर्माण ईकाई का लोकार्पण करेंगे। इस ईकाई में 600 से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध होगा। इनमें 90 प्रतिशत से अधिक महिलाओं को रोजगार मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ.यादव नीमच में सेतु निगम व्दारा 1.93 करोड की लागत से रतलाम नसीराबाद मार्ग पर ग्वालटोली नाले पर निर्मित उच्च स्तरीय पुल 1.10 करोड की लागत से पुलिस कल्याणकारी योजना के तहत पुरानी पुलिस कॉलोनी में पुलिस वेलफेयर फिलिंग स्टेशन (पुलिस पेट्रोल पम्प) एवं मोडी, खातीखेडा, धनगांव, कोज्या, बरवाडा, देवरान एवं पलासिया में 0.49 करोड लागत से नवनिर्मित उप स्वास्थ्य केंद्र भवन एवं सीएचओ आवास के कार्यो का लोकार्पण भी करेंगे। साथ ही आजीविका मिशन के तहत ग्राम मेढकी में 0.44 करोड की लागत से निर्मित, रोजगार के लिए वर्कशॉप, एवं 0.37 करोड की लागत से ग्राम जुनापानी, बधावा एवं लुहारिया जाट में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत निर्मित कृषक सुविधा केंद्रों का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ.यादव नीमच नगरपालिका के वार्ड नम्बर 7 में 0.32 करोड की लागत से निर्मित मुख्य मंत्री संजीवनी क्लिनिक निर्माण कार्य एवं पुलिस लाईन कनावटी में 0.28 करोड की लागत के लॉन टेनिस खेल मैदान का भी लोकार्पण करेंगे।

# नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद गुर्जर का कल मंदसौर शहर में होगा भव्य स्वागत



**मंदसौर, 22 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश नेतृत्व द्वारा भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं मंदसौर संसदीय क्षेत्र के लोकप्रिय नेता बंशीलाल जी गुर्जर को राज्यसभा सांसद हेतु निर्वाचित किया गया है। राज्यसभा सांसद निर्वाचित होने के पश्चात बंशीलाल जी गुर्जर के भगवान पशुपतिनाथ की पावन नगरी मंदसौर प्रथम नगर आगमन पर भाजपा संगठन पदाधिकारीयो एवं जनप्रतिनिधि गणों, समाज बंधुओ, व्यापारी बंधुओ द्वारा भव्य स्वागत अभिनंदन किया जाएगा।

निर्धारित कार्यक्रम अनुसार राज्यसभा सांसद बंशीलाल जी गुर्जर 24 फरवरी को प्रात: 10:00 बजे भगवान पशुपतिनाथ मंदिर पर भोलेनाथ की पूजन अर्चन अभिषेक करेंगे ,उसके पश्चात रोड शो के माध्यम से भगवान पशुपतिनाथ मंदिर स्थित बड़ी पुलिया से संसदीय क्षेत्र के वरिष्ठ जनप्रतिनिधि गणों एवं संगठन पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं के साथ पशुपतिनाथ मंदिर स्थित बड़ी पुलिया, राजा गुलाब गेट,वीर सावरकर ब्रिज, प्रतापगढ़ पुलिया कॉर्नर स्थित भावसार दूध डेयरी, मंडी गेट, सदर बाजार ,घंटाघर, जिला भाजपा कार्यालय, भारत माता चौराहा, बस स्टैंड बालाजी, युवराज क्लब गांधी चौराहा, दीनदयाल उपाध्याय मैदान, बीपीएल चौराहा, सभ्यता किराना, सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया, गुप्ता कचोरी चौराहा, मुनीम जी पाव बड़ा चौराहा, पुलिस कंट्रोल रूम, महाराणा प्रताप बस स्टैंड कॉर्नर होते हुए संजय गांधी उद्यान पहुंचेंगे। उपरोक्त मार्ग पर संगठन के विभिन्न मंडलो के पदाधिकारगणों , जनप्रतिनिधियों, व्यापारी बंधुओ एवम आम जनता द्वारा राज्यसभा सांसद बंशीलाल जी गुर्जर का मंच लगाकर भव्य स्वागत अभिनंदन किया जाएगा। तत्पश्चात संजय गांधी उद्यान पर विशाल सभा का आयोजन संपन्न होगा। उक्त जानकारी जिला भाजपा मीडिया प्रभारी निलेश जैन ने दी

## संत शिरोमणि रविदास जी महाराज की जयंती कल मनाई जाएगी



**मल्हारगढ़, 22 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** सामाजिक समरसता के बैनर तले मेघवाल समाज एवं संत रविदास जन्मोत्सव समिति के तत्वाधान में मानवता के उद्घोष संत शिरोमणी रविदास जन्मोत्सव कार्यक्रम दिनांक 24 फरवरी शनिवार को मल्हारगढ मुख्यालय पर मनाया जाएगा। जनम जात मत पूछिए, का जात अरू पात। रैदास पूत सब प्रभु के, कोए नहिं जात कुजात।। 15वीं शताब्दी से लेकर आज तक जात-पात और भेदभाव की खाई को मिटाने में जीवन पर्यन्त प्रयासरत संत रविदास जी के दोहे आज भी हमारे पथ-प्रदर्शक है। उक्त जानकारी देते हुए संत शिरोमणी रविदास जन्मोत्सव कार्यक्रम प्रभारी कांग्रेस नेता विजेश मालेचा ने बताया है कि दिनांक 24 फरवरी को प्रात: 9:00 बजे 1100 कलश की भव्य शोभायात्रा एवं महारैली खाटू श्याम मंदिर स्टेशन रोड से ढोल ढमाको एवं बैंड बाजो के साथ प्रारंभ होगी। जो नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई पुन: कार्यक्रम स्थल खाटू श्याम मंदिर के पास पहुंचेगी। जहां पर दोपहर 12:00 बजे से धर्म सभा आयोजित होगी। शोभायात्रा यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया जाएगा। कलश यात्रा में सभी माता बहनों को कलश निशुल्क दिए जाएंगे। श्री मालेचा ने नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के सभी समाज व सर्वहारावर्ग के बंधुओं, माताओं,बहनों, युवाओ, बुजुर्गों र्से निवेदन किया है कि अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में सपरिवार पधारकर कार्यक्रम को सफल बनावे।

## प्रधानमंत्री मोदी 29 फरवरी को देंगे मध्यप्रदेश को कई सौगातें.......

# लगभग 500 स्थानों पर होगा सजीव प्रसारण

### मुख्यमंत्री ने वीडियो कार्फ्रेंस से व्यापक जन भागीदारी के दिए निर्देश, विकसित भारत की तर्ज पर विकसित मप्र के लिए होगा विशेष कार्यक्रम


**मंदसौर, 22 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी आगामी 29 फरवरी को विकसित भारत की तर्ज पर विकसित मध्यप्रदेश के विशेष कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल होंगे। कार्यक्रम का करीब पांच सौ स्थानों पर सजीव प्रसारण भी होगा। व्यापक जन भागीदारी के इस कार्यक्रम में लोक कल्याण से जुड़े अनेक निर्माण कार्यों के लोकार्पण और शिलान्यास भी होगा। जन हितैषी योजनाओं से जुड़े कार्यक्रम में नागरिकों की भागीदारी उल्लास और उमंग के वातावरण में होगी।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शाम को समत्व भवन मुख्यमंत्री निवास में हुई एक बैठक में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की वर्चुअल उपस्थिति में आगामी 29 फरवरी को होने जा रहे राज्य स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों की जानकारी वीडियो कांफ्रेंस द्वारा प्राप्त की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। वीडियो कॉफ्रेंस में मंत्रिगण ने भी कार्यक्रम से संबंधित सुझाव दिए।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सम्पूर्ण कार्यक्रम अनुशासन, गरिमा और शालीनता का प्रतीक होना चाहिए। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने विकसित भारत के लिए विभिन्न क्षेत्रों में विकास के ठोस कदम उठाए हैं। मध्यप्रदेश प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प की पूर्ति के लिए अधिक से अधिक योगदान देगा। मध्यप्रदेश में सायबर तहसीलों का लोकार्पण एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रदेश में गत एक माह में राजस्व महाअभियान में एक लाख 90 हजार प्रकरणों का निपटारा किया गया है। इसी तरह आम लोगों की विभिन्न समस्याओं का समाधान भी किया जा रहा है। विकास कार्यों के लोकार्पण और शिलान्यास से प्रदेश के नागरिक बड़ी संख्या में लाभान्वित होंगे। प्रशासनिक अमले को प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों की भागीदारी भी सुनिश्चित करना है।

**कार्यक्रम की रूपरेखा–**प्रधानमंत्री श्री मोदी वीडियो लिंक से राज्य स्तरीय कार्यक्रम में संबोधन देंगे। पहली बार अपनी तरह का ऐसा अभिनव कार्यक्रम हो रहा है, जिसमें आम जनता के कल्याण से जुड़े कार्यों र्की सौगातें मिल रही है। कार्यक्रम लाल परेड ग्राउंड भोपाल में होगा, जिसमें अनेक निर्माण कार्यों के वर्चुअल लोकार्पण और शिलान्यास के साथ ही सायबर तहसीलों का लोकार्पण भी होगा। जल संसाधन और नर्मदा घाटी विकास विभाग को नोडल विभाग बनाया गया है। समस्त जिला मुख्यालयों, नगरीय निकायों के मुख्यालय और जिन स्थानों पर लोकार्पण एवं शिलान्यास होने हैं, उन कार्य स्थल पर सजीव प्रसारण किया जाएगा। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के कम से कम एक वृहद स्थल पर कार्यक्रम के सजीव प्रसारण की व्यवस्था रहेगी। अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा ने बताया कि कार्यक्रम में प्रदेश स्तर पर व्यापक जन भागीदारी के लिए आवश्यक तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। बैठक में मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा एवं अन्य संबंधित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## पंकज तिवारी ग्रुप व्दारा श्याम भजन संध्या कल

**मनासा, 22 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** आगामी 24 फरवरी शनिवार रात्री 08 बजे से ग्राम- बोरदियाकला में विशाल खाटु श्याम भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है । उक्त जानकारी देते हुए खाटु श्याम भक्त बोरदिया कला निवासी श्याम केमलिया (जोशी) ने बताया की 24 फरवरी शनिवार को रात्री 08 बजे से ग्राम बोरदियाकला में रामलीला मंच सदर बाजार पर प्रभु खाटुश्याम का दरबार सजेगा। एवं मनासा के प्रसिद्व भजन गायक श्री पंकज तिवारी अपनी टीम के साथ वहॉ , प्रभु खाटु श्याम के समधुर भजनो की प्रस्तुती देंगे कार्यक्रम में प्रभु को 56 भोग लगाया जाएगा तथा पुष्पवर्षा के साथ सभी उपस्थित भक्तजन भक्तिरस का आनन्द लेंगे..अत: समस्त क्षैत्रवासियों से निवेदन है, कि अधिक से अधिक संख्या में बोरदियाकला पधार कर कार्यक्रम को सफल बनावें एवं प्रभु खाटुश्याम का आशीर्वाद प्राप्त करें।

# हॉकी खिलाड़ी अदिति का मुख्यमंत्री व्दारा हुआ सम्मान



**मंदसौर, 22 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी अदिति माहेश्वरी का मुख्यमंत्री द्वारा सम्मान प्रदेश में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा भोपाल में सम्मान किया गया। ज्ञात रहे अदिति ने इसी वर्ष जापान में हुई जूनियर हॉकी एशियन चैंपियनशिप में गोल्ड जीता था जो भारत के लिए पहली बार था और इस टीम में मध्य प्रदेश से एकमात्र खिलाड़ी अदिति माहेश्वरी थी।

यह जानकारी जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा ने दी। हॉकी मंदसौर के सचिव अविनाश उपाध्याय ने बताया कि अदिति के प्रतियोगिता में व्यस्त होने के कारण इस कार्यक्रम में उनकी जगह उनके पिता अभिनव माहेश्वरी ने इस कार्यक्रम में शिरकत की। इस कार्यक्रम में अदिति को प्रशस्ति पत्र के साथ नगद इनाम भी दिया गया है, साथ ही उनके द्वारा यह उम्मीद की गई कि भविष्य में अदिति इस क्षेत्र में और अच्छा प्रदर्शन करें।

इस उपलब्धि पर हॉकी मंदसौर के संरक्षक यशपाल सिंह सिसोदिया, विनोद जी गर्ग, विशाल गोयल, त्रिभुवन कविश्वर, जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा, हॉकी मंदसौर एसोसिएशन के अध्यक्ष कुलदीप सिंह सिसोदिया, सचिव अविनाश उपाध्याय, कोच रवि कोपरगांवकर, दिनेश यादव, शैलेंद्र मसीह, खेलो इंडिया एन,आई,एस कोच वैभव चौरसिया, मीत चौहान, मंगल बैरागी, ओमप्रकाश गुर्जर, राजेंद्र सिंह, भरत सिंह, शासकीय महाविद्यालय मंदसौर के खेल अधिकारी राजू कुमार, शासकीय महाविद्यालय दलोदा के खेल अधिकारी अब्दुल रज्ज़ाक, सीनियर खिलाडी संजय तोमर, मनोज जैन, अंकित मंडोर, राकेश श्रीवास्तव, भारत देवड़ा, अजय सिंह गौड़, कमलेश शर्मा, शैलेंद्र परिहार, पिंटू आर्थर, डॉ हिमांशु यजुर्वेदी दुबेला क्लब के अध्यक्ष श्री विनय दूबेला ,अमर क्लब के अध्यक्ष श्री भानु प्रताप सिंह सिसोदिया, आदि ने बधाई दी व उनकी उज्वल भविष्य की कामना की उक्त जानकारी हॉकी मंदसौर के जनसंपर्क अधिकारी जितेंद्र कनौजिया ने दी।

## ✻ उठावना ✻



अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि स्व: श्री बसन्तीलाल जी सोनी अफजलपुरवाले की पुत्र वधू एवं भंवरलाल सोनी की धर्मपत्नी व मदनलाल , हरिशंकर की भाभी सा एवं दिनेश,आशीष, निलेश, की बडी मम्मी जी और शैलेष की पूज्य माताजी व नमन,निखिल, शिवांश, अथर्व, निहाल, शरणम की दादी जी श्रीमती कमला बाई सोनी का स्वर्गवास हो गया है जिनका उठावना दिनांक 23/02/2024 को दोहपर 1:00 बजे रखा गया है । स्थान- संस्कार मैरिज गार्डन नई आबादी अफीम गोदाम के पास मंदसौर

**✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻**
**सोनी (बुचाना) परिवार**
**(अफजलपुर वाला) मंदसौर**

## ✻ शवयात्रा ✻

मेरे काकाजी, सुरेशचन्द, दिनेश व राजेन्द के पिताजी, रोशन, नीतेश, राहुल व मोहित के दादाजी पं कन्हैयालाल शर्मा का निधन हो गया है। अंतिमयात्रा 23 फरवरी को प्रात: 9.30 बजे हमारे निवास अग्रवाल मोहल्ला, पिपलिया से निकलेगी।

**✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻**
**शम्भूदयाल शर्मा, पिपलियामंडी**

## पत्रकार सुनील गुप्ता का निधन



**पिपलियामंडी, 22 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** कोराना संक्रमण के बाद अस्वस्थ हुए पत्रकार सुनील गुप्ता ने जीवन-मृत्यु के लम्बे संघर्ष के बाद गुरुवार को अंतिम सांस ली। उल्लेखनीय है कि करीब 4 वर्ष पूर्व कोराना संक्रमण के चलते पत्रकार गुप्ता की तबीयत बिगड़ी थी, उसके बाद से ही वे अस्वस्थ थे। मंदसौर, इंदौर, अहमदाबाद, उदयपुर, दिल्ली एम्स आदि कई जगह पर उनका उपचार चला। जीवन-मृत्यु के लम्बे संघर्ष के बाद गुरुवार को मंदसौर में उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। उल्लेखनीय है कि 50 वर्षीय गुप्ता ने अपने जीवन में काफी संघर्ष किया। 25 वर्षों र्से वे पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय रहे। वे उपभोक्ता भंडार के अध्यक्ष रहे, वहीं साप्ताहिक समाचार पत्र शिरोमणि के भी संपादक रहे। गुप्ता ने सामाजिक, राजनैतिक, पत्रकारिता आदि क्षेत्र में सक्रियता से कार्य किया।

# आरटीई के तहत आज से शुरू होंगे ऑनलाइन आवेदन जमा

**मंदसौर, 22 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिये शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत गैर-अनुदान मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों में कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के ऑनलाइन नि:शुल्क प्रवेश के लिये समय-सारणी जारी की गई है। संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र श्री धनराजू एस ने बताया कि 23 फरवरी से 3 मार्च, 2024 तक www.educationportal.mp.gov.in/rte पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन लिये जायेंगे। पोर्टल पर त्रुटि सुधार के लिये विकल्प उपलब्ध रहेगा। ऑनलाइन आवेदन के बाद आवेदक 24 फरवरी से 5 मार्च तक पावती डाउनलोड और मूल दस्तावेजों का केन्द्रों में सत्यापन करा सकेंगे।

आरटीई के तहत 7 मार्च, 2024 को पारदर्शी रेण्डम पद्धति से ऑनलाइन लॉटरी आयोजित करते हुए आवेदकों को स्कूल आवंटित किया जायेगा। आवेदकों को एसएमएस से भी सूचित किया जायेगा। लॉटरी में चयनित आवेदक 11 मार्च से 19 मार्च, 2024 तक आवंटन-पत्र डाउनलोड कर आवंटित स्कूल में प्रवेश पा सकेंगे। प्रवेश लेते समय ही संबंधित प्रायवेट स्कूल द्वारा मोबाइल एप के माध्यम से एडमिशन रिपोर्ट भी दर्ज की जायेगी। प्रथम चरण की प्रक्रिया समाप्त होते ही द्वितीय चरण में प्रवेश के लिये प्रक्रिया शुरू की जायेगी। पोर्टल पर 21 मार्च, 2024 को रिक्त सीटों को प्रदर्शित किया जायेगा। द्वितीय चरण में 22 से 26 मार्च तक स्कूलों की च्वाइस अपडेट की जा सकेगी। द्वितीय चरण की ऑनलाइन लॉटरी 28 मार्च को होगी और स्कूलों का आवंटन किया जायेगा। द्वितीय चरण में लॉटरी से चयनित आवेदक 30 मार्च से 5 अप्रैल, 2024 के बीच आवंटन-पत्र डाउनलोड कर आवंटित स्कूल में प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे। राज्य शिक्षा केन्द्र ने सभी जिला कलेक्टर्स को नियमानुसार पूर्ण पारदर्शी तरीके से नियत समय में यह कार्य सम्पादित किये जाने के निर्देश जारी किये हैं।

## कुए में मिली युवक की लाश

**पिपलियामंडी, 22 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** नीमच के युवक का शव सून्ठोद गांव में एक होटल के पीछे मिला। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया। जानकारी के अनुसार फोरलेन पर गांव सूंठोद में सांवलिया होटल के पीछे कुए की लाश होने की सूचना पर मल्हारगढ़ पुलिस मौके पहुंची, शव को बाहर निकलवाया। युवक के जेब से मिले दस्तावेज के अनुसार उसकी शिनाख्त माधवगंज मोहल्ला, किदवई गली , नीमच सिटी निवासी रईस पिता सादिक कुरेशी के रुप में हुई। युवक की मौत कैसे हुई यह पता नही चला। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया।

# ईपीएफ से एडवांस नहीं निकाल पा रहे जरूरतमंद

### फार्म भरने में आ रही परेशानी, अनेक कर्मचारी परेशान

**मंदसौर, 22 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** शादी-ब्याह, मकान या बीमारी के उपचार के लिए लोग ईपीएफ से एडवांस पैसा नहीं निकाल पा रहे हैं। इसका कारण है कि पीएफ एडवांस निकालने के लिए ईपीएफओ की वेबसाइट पर लोग ऑनलाइन फॉर्म ही नहीं भर पा रहे हैं। पिछले एक हफ्ते से यह समस्या है। जिले में सैकड़ों कर्मचारी परेशान है तो प्रदेशभर में यह संख्या हजारों में है। परेशानी यह भी है कि ईपीएफओ द्वारा पीएफ एडवांस के क्लेम फॉर्म ऑफलाइन नहीं लिए जाते।

दरअसल, पीएफ एडवांस के लिए आवेदन ईपीएफओ की वेबसाइट पर होता है। इससे एक और वेबसाइट यूआईडीएआई की भी लिंक है। यदि कोई कर्मचारी एडवांस के लिए फॉर्म भरते हैं तो उनके आधार ऑथिंटीकेशन यानी सत्यापन के लिए यह फॉर्म यूआईडीएआई के पोर्टल पर चला जाता है। इस पोर्टल से आवेदक के मोबाइल नंबर पर आधार ऑथिंटीकेशन के लिए एक ओटीपी आता है। एडवांस निकालने के लिए आवेदन कर रहे लोगों के मोबाइल पर यह ओटीपी भी नहीं आ रहा है। इस कारण फॉर्म सबमिट नहीं हो पा रहे हैं। बता दें कि शादी-ब्याह, मकान बनाने के लिए और बीमारी के उपचार के लिए, किसी प्रमोटर या एजेंसी से मकान खरीदने के लिए, कोई होम लोन हो तो उसका रिपेमेंट करने के लिए, किसी संस्थान में लॉकडाउन या क्लोजर है, यानी 15 दिन से फैक्ट्री बंद है तो वहां के कर्मचारी पीएफ एडवांस निकाल सकते हैं।

## बस की टक्कर से बाइक तीन लोग घायल

**नीमच, 22 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** गुरुवार को कैंट थाना क्षेत्र पुलिस लाइन के सामने एक सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में बस ने बाइक सवारो को टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल एंबुलेंस की सहायता से नीमच के बड़े अस्पताल ले जाया गया। जहां तीनों घायलों का उपचार जारी है। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार बस पहले एक कार से टकराई फिर बेकाबू होकर सामने से आ रही बाइक में जा घुसी। हादसे में दो घायलों की स्थिति ज्यादा गंभीर है। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। जिसके चलते कुछ देर के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला मंदसौर म.प्र.

E-Mail-modgmman@mp.gov.in

क्रमांक/227/खनिज/2024 मंदसौर, दिनांक–13.02.2024

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18(1–क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिए

**//// प्रथम सूचना ////**

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री कुनाल पाटीदार पिता सचिन पाटीदार निवासी नारायणगढ़, तहसील मल्हारगढ़, जिला मंदसौर द्वारा क्रेशर मशीन लगाकर गिट्टी बनाने एवं विक्रय के लिए पत्थर खनिज का उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर आनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 07.02.2024 को प्रस्तुत किया गया है। दिनांक 19.03.2024 तक इस क्षेत्र पर यथा स्थित उत्खनिपट्टा आवेदन आन लाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नं. | रकबा | भूमि का प्रकार (शासकीय/निजी) | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मंदसौर | मल्हारगढ़ | नारायणगढ़ | 931/1/1 | 4.000 है. | शासकीय | गिट्टी पत्थर एवं एम सेड़ (क्रेशर आधारित) | --- |

1. उपरोक्त प्रस्तुत आनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 19.03.2024 तक कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक आनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। 2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी । उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र एवं पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त आवेदन पत्र को मप्र गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा। 5. निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

**प्रभारी अधिकारी**
**खनिज शाखा जिला मंदसौर म.प्र.**

G-24620/2023 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।


इंदौर के मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर त्वचा रोग विशेष एवं डर्मेटोलेजर सर्जन

**डॉ. परीक्षित शर्मा**

एम.डी. (स्कीन)

शनिवार दिनांक 24 फरवरी को शाम 5 से रात 8 और रविवार 25 फरवरी को सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध रहेंगे।

सुविधाएं–✻ चेहरे के कील–मुहासे, चोट व चेहरे के निशान, ऑखों के नीचे कालापन, चेहरे व हाथों का कालापन, ✻ एक्जीमा, सोरियासिस, सफेद दाग का इलाज व सर्जरी, ✻ शरीर पर तिल व मस्सों (Warts) को मशीन द्वारा हटाना, ✻ गर्भावस्था में होने वाले स्ट्रेचमार्क्स की चिकित्सा, ✻ असमय झड़ते बालों का आधुनिक पद्धति से ईलाज, ✻ शरी पर टेटू (गोदना) को मशीन द्वारा हटाना, ✻ लेजर मशीन द्वारा अनचाहे बालों से छुटकारा, ✻ बच्चों व बुजुर्गो की त्वचा संबंधित समस्याएं, ✻ नाखुन में होने वाले रोगों का उपचार, ✻ सौन्दर्य परामर्श (Cosmetic Consultation)

करजूवाला कम्पाउण्ड, पमनानी हॉस्पिटल के पीछे, स्टेशन रोड़, मंदसौर सम्पर्क–9424813088





नीमच में विकास की सौगात लेकर प्रथम बार पधार रहे मध्य प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय

**श्री मोहन जी यादव साहब**

का

**हार्दिक स्वागत – अभिनंदन**

✻✻✻✻✻ विनीत ✻✻✻✻✻



**स्वाति –गौरव चोपड़ा**
अध्यक्ष नगर पालिका नीमच



**संतोष चोपड़ा**
भाजपा नेता, नीमच



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

# उन्नति और विकास की लहर हर क्षेत्र - हर शहर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत-2047 के राष्ट्रीय संकल्प को साकार करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में मध्यप्रदेश निरंतर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे रहा है। सरकार के प्रयासों का सुपरिणाम है कि लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आ रहा है और प्रदेश के शहरों और उपनगरीय क्षेत्रों में औद्योगिक और अधोसंरचना विकास से जीवन स्तर अब और भी बेहतर होने लगा है।

मुख्यमंत्री

## डॉ. मोहन यादव

द्वारा

## ₹752 करोड़ लागत

के विकास कार्यों का

## भूमिपूजन एवं लोकार्पण

23 फरवरी, 2024 - अपराह्न 1:30 बजे - दशहरा मैदान, नीमच

### भूमिपूजन

औद्योगिक क्षेत्र झांझरवाड़ा में ₹ 585 करोड़ लागत से कपड़ा-परिधान इकाइयों का निर्माण

लालपुरा तालाब एवं कायाकल्प योजना 2.0 अंतर्गत सड़कों का निर्माण

### लोकार्पण

औद्योगिक क्षेत्र झांझरवाड़ा में कपड़ा-परिधान इकाई के निर्माण से रोज़गारों का सृजन

बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए जावद एवं मनासा में 7 उप-स्वास्थ्य केन्द्रों का निर्माण

जावद एवं मनासा की 3 जनपद पंचायतों में कृषक सुविधा केन्द्रों के निर्माण से कृषकों को लाभ

नगर परिषद् मनासा में मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक का निर्माण 5000 से अधिक लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ

रतलाम-नसीराबाद मार्ग पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण से 2 लाख से अधिक लोगों का आवागमन आसान

D-11214/23

सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @JansamparkMP JansamparkMP मध्यप्रदेश शासन

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in